**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के सम्बन्ध में समीक्षा एवं जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आयोजित बैठक दिनांक 26.09.2022 का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा एंव जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 29.07.2022 को की गयी, जिसमें जल निगम (ग्रामीण)/कार्यदायी संस्था/टी0पी0आई0/डीपीएमयू/आई0एस0ए0 के निम्न अधिकारी एवं उनके कर्मचारी उपस्थित थे–

1– मुख्य विकास अधिकारी,मऊ।
2– श्री एम0ए0 किदवाई, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मऊ।
3– श्री के0 भाष्कर, प्रतिनिधि मे0 एल0सी0 इन्फ्रा।
4– श्री दीपक शुक्ला, डी0पी0एम0,टी0पी0आई0 संस्था।
5– श्री नन्दलाल सिंह,(से0नि0उपजिलाधिकारी) जिला कोआर्डीनेटर,डी0पी0एम0यू0।
6– श्री प्रदीप केशरी, डी0पी0एम0यू0।
7– श्री बृजेश गिरी,प्रतिनिधि अभिनव बाल विकास संस्थान (आई0एस0ए0)
8– श्रीमती शिखा तिवारी, प्रतिनिधि समाज कल्याण ग्रामोद्योग (आई0एस0ए0)

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों एवं डी0पी0आर0 के सम्बन्ध में विस्तृत समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्णय/ निर्देश दिये गये।

1– बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), मऊ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद हेतु नामित कार्यदायी संस्था मे0 एल0सी0 इन्फ्रा, अहमदाबाद द्वारा 10 नग ग्राम पंचायत पेयजल योजनाओं के आगणन (22 राजस्व ग्राम) प्रस्तुत किया गया है। उक्त आगणनों के परीक्षण हेतु गठित जाँच समिति द्वारा जांच कर ली गयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त आगणनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की संस्तुति उपरान्त राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को शीघ्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया ।

Scanned with OKEN Scanner

2– जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यों की तथा एफ0एच0टी0सी की अत्यधिक कम प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा बैठक में कार्यदायी संस्था के उपस्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर, श्री के0 भास्कर को निर्देशित किया गया कि शासन की प्राथमिकता के दृष्टिगत एफ0एच0टी0सी0 कार्य हेतु पृथक रूप से टीम गठित की जाय तथा लगातार एफ0एच0टी0सी0 कार्यों की प्रगति पर सतत् अनुश्रवण करते हुये इसकी निगरानी सुनिश्चित की जाय।

3– बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) मऊ द्वारा यह अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा अभीतक केवल 25 नग शिरोपरि जलाशय पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उक्त कार्यों पर भी विशेष रूप से ध्यान केन्द्रीत कर अवशेष शिरोपरि जलाशय के कार्यों को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म के उपस्थिति प्रतिनिधि को कार्यों को पूर्ण करने के सम्बन्ध में 15–15 दिन पर कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया ।

4– बैठक में उपस्थित आई.एस.ए. समाज कल्याण एवं अभिनव बाल विकास संस्थान के कार्यों की समीक्षा के दौरान डीपीएमयू के जिला समन्वयक द्वारा अवगत कराया गया कि समाज कल्याण एवं अभिनव बाल विकास द्वारा प्रथम कलस्टर के प्रथम–फेज के समस्त कार्य (सामुदायिक अंशदान को छोड़कर) पूर्ण कर लिए गये हैं तथा द्वितीय कलस्टर के प्रथम–फेज के कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा डीपीएमयू को निर्देश दिये गये कि इनके कार्यों की समीक्षा सतत् रूप से करते रहें तथा मुख्य विकास अधिकारी महोदय को निर्देशित किया गया की आई.एस.ए. द्वारा किये जा रहे जन जागरूकता कार्यों की रेण्डमली जांच विकास खण्ड के माध्यम से भी करा ली जाय।

5– बैठक में टी.पी.आई के उपस्थित प्रतिनिधि, श्री दीपक शुक्ला, डीपीएम द्वारा किये गये निरीक्षण के सम्बन्ध में आख्या प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी महोदय उपस्थित टी.पी.आई. के डीपीएम को अगामी बैठक में पीपीटी के माध्यम से भी अपनी रिर्पोट प्रस्तुत करने हेतु करें।

Scanned with OKEN Scanner

6– डीपीआर की कम प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी और फर्म के उपस्थित प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये कि अवशेष डीपीआर प्रत्येक दशा में माह अक्टूबर में प्रेषित कर दी जाय।

उक्त पर अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

14/10

(प्रशांत नागर)
आई.ए.एस
मुख्य विकास अधिकारी
मऊ

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, मऊ।

पत्रांक 1289 / w-86 / 447 दिनांक 14-10-2022

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), लखनऊ।

2– जिलाधिकारी महोदय,मऊ को अवलोकनार्थ प्रेषित।

3– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), मऊ को इस निर्देश के साथ कि स्वंय अनुश्रवण कर समस्त कार्य निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

14/10

मुख्य विकास अधिकारी
मऊ

Scanned with OKEN Scanner